पेज थ्री
देहरादून

देहरादून, शनिवार 15 फरवरी, 2020

पेज 8

हमारा दून


पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मसूरी विधायक गणेश जोशी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य महिला आयोग 1 मार्च को आयोजित करेगा कार्यक्रम

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विजय बड़थवाल ने अवगत कराया है कि महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके आत्म सम्मान की रक्षा व गरिमा को बनाये रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग के सौजन्य से उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग द्वारा 01 मार्च को देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 1000 महिला हिस्सा लेंगी। आरम्भ हेतु पूर्व निर्धारित समय सांय 07 से 08 बजे के स्थान पर अब परिवर्तित समय सांय 05 बजे से 06 बजे तक गांधी पार्क से घण्टाघर एवं दर्शनलाल चौक होते हुए पुनः गांधी पार्क तक पंहुचकर समापन किया जायेगा।

### शस्त्र लाइसेंस एनडीएएल पोर्टल पर अपलोड करा लें: जिलाधिकारी

**(संवाददाता)** देहरादून। जिलाधिकारी आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया की जनपद के समस्त शस्त्र लाईसेंस धारकों को एन.डी.ए.एल पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। एन.डी.ए.एल पोर्टल की वेबसाईट 29 जून तक खोली गयी हैं। उन्होंने जनपद के समस्त शस्त्र लाईसेंस धारकों जिन्होंने अभी तक अपने लाईसेंस को एन.डी.ए.एल पोर्टल पर अपलोड नहीं कराया है, वे निर्धारित तिथि तक अपने लाईसेंस एनडीएएल पोर्टल पर अपलोड करवालें। निर्धारित तिथि तक ऐसे समस्त शस्त्र लाईसेंस पोर्टल में अपलोड न कराये जाने पर ऐसे लाईसेंस निरस्त समझे जायेंगे, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय शस्त्र लाईसेन्सी का होगा।

### रेशम कृषि मेले का आयोजन 18 फरवरी को

**(संवाददाता)** देहरादून। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र सहसपुर, देहरादून में 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे से रेशम कृषि मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें माननीय कृषि मंत्री उत्तराखण्ड सरकार सुबोध उनियाल मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे।

### बैंगलूरू में होगा 14वां ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव

**(संवाददाता)** देहरादून। भारत की सिलिकॉन वैली 14वें ग्लोबल कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। पीआरसीआई देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष डॉ0 राजेश कुमार, एचओडी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन, दून विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि विश्व संवादार्थियों की परिषद के तत्वावधान में छह से सात मार्च को डब्ल्यूसीसी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# धीमी गति से चल रहे कई निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी

**बैठक**

■ उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

देहरादून। **सवांददाता**


उच्च शिक्षा राज्यमंत्री धन सिंह रावत महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए।

प्रदेश के उच्च शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में प्रदेश भर के महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में डॉ. रावत ने विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को सभी महाविद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए यथासमय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने धीमी गति से चल रहे कई निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई। उच्च शिक्षा मंत्री ने बैठक में पूर्व से राज्य सेक्टर के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत महाविद्यालयों जिनमें राजकीय महाविद्यालय मंगलौर, माजरा महादेव पौड़ी, थलीसैंण पौड़ी, ऊफरैंखाल पौड़ी, लम्बगांव टिहरी गढ़वाल, कमांद टिहरी गढ़वाल, गुप्तकाशी रूद्रप्रयाग, अमोड़ी चम्पावत, मुआनी पिथौरागढ़, दुग नाकुरी बागेश्वर, पतलोट नैनीताल के कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा राज्य सेक्टर के अंतर्गत प्रस्तावित नवीन महाविद्यालयों के आंगणन की समीक्षा की।

उच्च शिक्षा मंत्री ने भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सराकरी धान के दुरपयोग पर भी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि महाविद्यालयों के भवनों का आंगणन स्थलीय निरीक्षण के उपरांत ही तैयार किया जाय ताकि बार–बार स्टीमेट रिवाइज की नौबत न आये।

### दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल एचएल कपूर के निधन पर शोक जताया

**(संवाददाता)** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने दिल्ली प्रदेश के पूर्व उपराज्यपाल एवं पूर्व राज्यसभा सांसद एच.एल. कपूर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। स्व. एचएल कपूर के राजपुर रोड स्थित निवास पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिह ने अपनी शोक संवेदना प्रकट करते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी। प्रीतम सिंह ने कहा कि स्व. एचएल कपूर की देश एवं समाज को दी गई सेवाओं को सदैव याद किया जाता रहेगा। हम सभी कांग्रेसजनों की प्रार्थना है कि ईश्वर मृतक आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति देवें।

# मनरेगा में पलायन प्रभावित क्षेत्रों में दें विशेष ध्यानः मुख्यमंत्री

**समीक्षा**

सीएम ने की मनरेगा के कार्यों की समीक्षा

मनरेगा के अन्तर्गत राज्य को सर्वाधिक 10 पुरस्कार

योजना के अन्तर्गत कार्यों के आउटकम पर भी दें ध्यान

**संवाददाता**


राज्य रोजगार गारंटी परिषद् की बैठक लेते सीएम।

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में राज्य रोजगार गारंटी परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु ट्रैंच को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के आकांक्षी जनपदों एवं पलायन प्रभावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों से विभिन्न क्षेत्रों में मनरेगा कर्मियों के वेतन में हो रही देरी के कारणों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मनरेगा की मजदूरी दर को राज्य की प्रचलित मजदूरी दर के सापेक्ष मजदूरी तय किए जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने योजना के तहत विभिन्न मानकों जैसे आधार सीडिंग, जॉब कार्ड सत्यापन एवं जल शक्ति अभियान में विगत दो वर्षों से प्रथम रैंक प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि अन्य मानकों में भी प्रथम रैंक आने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने योजना के अन्तर्गत सम्पूर्ण देश में सर्वाधिक 10 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने पर भी बधाई दी। उन्होंने पिथौरागढ़ जनपद को एक साथ 04 पुरस्कार प्राप्त करने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी जनपद को 04 पुरस्कार प्राप्त हुए हों, इससे प्रदेश का मान बढ़ा है। उन्होंने जल संरक्षण एवं संवंर्द्धन के क्षेत्र में नदी पुनर्जनन, मिनी झील निर्माण एवं तालाबों को पुनर्जीवित करने जैसे विशेष प्रयासों की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इच्छुक परिवारों को शीघ्र अतिशीघ्र जॉब कार्ड उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को योजनान्तर्गत जनपदों हेतु निर्धारित लक्ष्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि लगातार योजनाओं की भौतिक प्रगति की मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने पर्वतीय क्षेत्रों में फिशरीज एवं अन्य विभागों से मनरेगा का तालमेल कर मछलियों एवं बत्तखों आदि पालन हेतु योजनाएं तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र कृषि विकास योजना शुरू की जा रही है। सीएम ने विभागों द्वारा वंचित परिवारों को व्यक्तिगत आजीविका संवंर्द्धन सम्बन्धी प्रदान किए जा रहे लाभों को वेबसाइट में शीघ्र अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

### देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वालों का हमेशा ऋणी रहेगा देशः धस्माना

**(संवाददाता)** देहरादून। पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में शहीद 42 सीआरपीएफ जवानों के पहली शहादत दिवस पर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने एक घण्टे का मौन व्रत धारण कर शहीदों को श्राद्धांजलि अर्पित की । मौन व्रत के पश्चात श्री धस्माना ने श्राद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन ही पुलवामा में वो दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई थी जिसमें हमारे 42 बहादुर सीआरपीएफ के जवान शहीद हो गए थे और पूरे देश में कोहराम मच गया था। उन्होंने कहा कि घटना के एक साल बाद जब हम उन बहादुरों के बलिदान की पहली बरसी मना रहे हैं तो मन इसलिए दुखी है कि केंद्र में बैठी सरकार आज एक साल बाद भी देश की जनता को यह नहीं बता पाए कि 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के उस काफिले पर हमला करने वाले 350 आरडीएक्स ले कर कैसे पहुंच गए? धस्माना ने कहा कि पुलवामा के शहीदों का नाम ले कर सत्ता में आये लोगों को पुलवामा के शहीदों के साथ न्याय करना चाहिए।

### शहीदों को दी श्रद्धांजली

**(संवाददाता)** देहरादून। दून डिफेंस एकेडमी परिवार ने पुलवामा की पहली बरसी पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।